मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 189, मुंबई, शनिवार, 9 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






## पालघर में ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर

### 47 छात्रों समेत 55 यात्री घायल

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। आज सुबह पौने सात बजे के करीब चिंचपाड़ा से वाडा जा रही महाराष्ट्र परिवहन की एक बस मोड़ पर ट्रक से टकरा गई। इस भयानक हादसे में 47 छात्रों समेत बस में सवार 55 यात्री घायल हो गए। हादसा वाडा से एक किलोमीटर दूर देसाई नाका के एक मोड़ पर हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की दुर्घटनाग्रस्त बस चिंचपाडा से सुबह सवा छह बजे के करीब वाडा की ओर आ रही थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## एनसीपी में तेज हुआ घमासान

### शरद पवार खेमे ने अजित गुट के 40 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की





मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सियासी घमासान के बीच चाचा-भतीजे में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) पर वर्चस्व स्थापित करने की लड़ाई तेज होती दिख रही है। एनसीपी संस्थापक शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट ने चुनाव आयोग में अपना जवाब दाखिल किया है। जिसमें महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ गए नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। दिलचस्प बात यह है कि जी-20 बैठक की वजह से राजधानी दिल्ली के सभी दफ्तरों में छुट्टी घोषित की गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

#### शरद पवार गुट ने क्या कहा?

अपने जवाब में शरद पवार गुट ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट के 40 एनसीपी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की है। शरद पवार गुट ने मांग की है कि 9 मंत्रियों समेत 31 विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्रवाई की जाए। साथ ही अजित पवार गुट के सभी दावों को शरद पवार गुट ने खारिज कर दिया है।



## त्योहारी सीजन में 90 हजार एसटी कर्मचारियों को तोहफा

### महंगाई भत्ता 4% बढ़ा

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के हजारों एसटी कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। राज्य सरकार ने एसटी कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 34 फीसदी से बढ़ाकर 38 फीसदी करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस फैसले को मंजूरी दे दी है। इससे महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के करीब 90 हजार अधिकारियों और कर्मचारियों को फायदा होगा। जबकि राज्य सरकार पर 9 करोड़ रुपये का आर्थिक भार पड़ेगा। महाराष्ट्र सरकार वर्तमान में राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके वेतन के लिए आर्थिक मदद दे रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को बड़ी राहत

### नागपुर कोर्ट ने इस मामले में किया बरी

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चुनावी हलफनामे में अपराध की जानकारी छिपाने के मामले में बरी कर दिया गया है। नागपुर की एक अदालत ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त ठोस सबूत नहीं है। फडणवीस की ओर से वरिष्ठ वकील सुबोध धर्माधिकारी अदालत में पेश हुए। बीजेपी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस पर 2014 के अपने चुनावी हलफनामे में कथित रूप से आपराधिक मामलों का खुलासा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)



#### कोर्ट में पेश हुए थे फडणवीस

अपनी याचिका में उइके ने फडणवीस के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की थी। इसी साल अप्रैल महीने में नागपुर की अदालत में फडणवीस पेश हुए थे। उन्होंने सभी आरोपों का खंडन किया है। फडणवीस करीब डेढ़ घंटे तक अदालत में रहे। हालाँकि इस मामले में अब फडणवीस को बड़ी राहत मिल गयी है।

#### क्या था आरोप?

वकील सतीश उइके ने फडणवीस के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग करते हुए कोर्ट में आवेदन दाखिल किया था। उनका आरोप था कि 1996 और 1998 में बीजेपी नेता फडणवीस के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के दो मामले दर्ज किए गए थे, लेकिन उन्होंने 2014 के विधानसभा चुनाव से पहले अपने चुनावी हलफनामे में इसका खुलासा नहीं किया। उइके अभी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद है, उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जिधर देखो उधर मोदी!




दिल्ली फिलहाल उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग है। हर तरफ मोदी और मोदी की फोटो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी-20 से 140 करोड़ भारतीयों पर चाहे जो जादू करें लेकिन यह तय मानें कि बैठक के बाद वैश्विक तौर पर भारत की कूटनीति बेमतलब करार होगी। सब कुछ दिखावे का। सबको समझ आएगा कि बैठक के नाम पर महज फोटोशूट है। हिसाब से हर समझदार भारतीय को एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल, नई दिल्ली की सड़कों पर घूम कर देखना चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कितने फोटो लगे हैं। मानों भारत में उनके अलावा कोई है ही नहीं। पूरी बैठक मानों फोटो दिखाने और फोटोशूट के लिए। एक हिसाब से दिल्ली की सवा तीन करोड आबादी के चार दिनों के कामधंधों की अरबों रू की कीमत पर जी-20 का मोदी केफोटोशूट के लिए। पूरा लॉकडाउन मोदी के विश्व नेताओं के संग फोटों खींचवाने के लिए। उसी हिसाब से दिल्ली को सजाया गया है। शायद पहली बार है कि फोटोशूट से राष्ट्रपति भवन गायब रहेगा। कोई माने या न माने, मेरा मानना है कि नई दिल्ली के लैंडस्केप में सबसे भव्य बैकड्राप रायसीना हिल से नजर आने वाले राष्ट्रपति भवन है। शिखर सम्मेलनों के राजकीय भोज, सामूहिक फोटो राष्ट्रपति भवन में ही हुआ करते थे। पहली बार है जो अभी तक यह सूचना नहीं है कि राष्ट्रपति भवन में कोई भोज होगा या राष्ट्रपति से मिलने विश्व नेता जाएंगे। सारा आयोजन प्रगति मैदान की नई इमारतों में है। नरेंद्र मोदी ने अपने द्वारा निर्मित प्रगति मैदान, उसके सभागार आदि में पूरा आयोजन समेटा है। तभी हैरानी की बात नहीं जो बैठक के बाद अपने गुणगान के लिए संसद की बैठक भी नई ससंद बिल्डिंग में होगी। तो मोदीजी के न्यू इंडिया (या न्यू भारत, नया भारत) के न्यू फोटोशूट का न्यू फोटो बैकग्राउंड उनके द्वारा ही निर्मित। राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भवन की झांकी शायद ही कहीं देखने को मिले। फोटोशूट का एक कार्यक्रम गांधी समाधि पर है। मतलब सभी नेता राजघाट जाएंगे। गांधीजी की समाधि पर मोदीजी के ऐतिहासिक फोटो का आइडिया चौंकाने वाला है मगर स्वभाविक है। आखिर नरेंद्र मोदी जानते हैं कि दुनिया के हिसाब से भारत का नंबर एक ब्रांड गांधी हैं न कि सरदार पटेल या सुभाषचंद्र बोस। वे मन में भले गांधी को ले कर चाहे जो सोचें और उन्होंने सरदार पटेल और फिर इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस के स्मारक बनाने से गांधी के प्रति अपने भाव को झलकाया भी है लेकिन वैश्विक फोटो में वे राजघाट की लोकेशन में फोटो खींचा रहे हैं तो ऐसा मजबूरी से है। जो हो, जी-20 की बैठक के फोटो विजुअल देखते हुए यह ध्यान रखें मोदीजी कितनी तरह के पोजेज, पोशाकों में फोटो खिंचवाते हैं?

# भूतिया, गंवार राजधानी की मेजबानी!

**इसे** विदेशी राष्ट्राध्यक्षों का अहोभाग्य कहें या दुर्भाग्य जो वे भारत में हैं लेकिन वे बिना दिल्ली देखे लौटेंगे! वे दिल्ली एयरपोर्ट उतर कर 48 घंटे केवल और केवल या तो खाली दिल्ली, भूतिया सरकारी इमारतों को देखेंगे या हर सड़क, हर कोने पर उन नरेंद्र मोदी के फोटो दर्शन कर लौटेंगे जिनके पोर-पोर की सच्चाई बाइडेन से ले कर दक्षिण अफ्रिका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा आदि सभी जानते हैं। यदि इनकी टीम ने भारत के टीवी चैनल या अखबार देखे तो यह सुन-पढ़ सिर पीटेंगे कि उन्हें सोने के बर्तन में भोज दिया जा रहा है! और वे दिल्ली में इतने असुरक्षित हैं कि उनके लिए सड़क से हवा तक सुरक्षाकर्मी हैं। दिल्ली के 35 कलोमीटर के इंच-इंच में सुरक्षाबल हैं। स्नाइपर हैं, एंटी एयरक्राफ्ट गनें और एंटी ड्रोन सिस्टम है, ट्रेंड कमांडो हैं। यह सब देख-सुन-पढ़ कर भला कौन विदेशी प्रतिनिधि नहीं सोचेगा कि इतना खतरा तो यूक्रेन की राजधानी कीव में भी नहीं है, जबकि नई दिल्ली तो असुरक्षा व आंतक के खतरे लिए हुए है! याद करें जब कई राष्ट्राध्यक्ष एक साथ कीव गए थे तो उन्हें वहां जब रहने वाले नागरिकों की भीड़ मिली तो वैसा होना एक सिविजाइज्ड, पढ़े-लिखे, विकसित समाज की शासन व्यवस्था और आचरण की वजह सेक्या नहीं था? जबकि दिल्ली में ऐसा भदेस, गंवार लॉकडाउन जैसाबंदोबस्त तो भला क्यों? देश भयाकुल, डरपोक या सचमुच असुरक्षित? मगर प्रधानमंत्री मोदी का मकसद और भी है। ऐसा इसलिए ताकि भारत के 140 करोड़ लोग सोचें कितने बड़े-बड़े नेता आए हैं, कितना बड़ा आयोजन है और मोदीजी क्या कमाल के विश्व नेता हैं। मूर्ख भक्त मानेंगे कि सोने के बर्तनों में खाना खा कर तथास्नाइपरों की सुरक्षा में समृद्ध भारत, सुरक्षित भारत का अनुभव लेकर बाइडेन, मैक्रों, ओलाफ स्कोल्ज, सुनक आदि जब स्वदेश लौटेंगे तो मोदीजी को तोगुरू समझे हुए होंगे। भला इन विदेशियों को सोने के बर्तन, अभेद सुरक्षा कहां मिली होती है! सोचें, नई दिल्ली में, उसकी टीवी चैनलों-अखबारों में, पत्रकारों को यह ब्रीफिंग रत्ती भर नहीं है कि शिखर सम्मेलन में क्या होगा? एजेंडा क्या है? भारत की अध्यक्षता में नरेंद्र मोदी जी-20 का क्या कोई ठोस सर्वसम्मत प्रस्ताव पास कराएंगे? और यदि नहीं तो 9-10 सितंबर की जी-20 बैठक क्या दुनिया में फालतू नहीं माना जाएगी? या सिर्फ यह




होना है कि देखो-देखो नरेंद्र मोदी की फोटो! देखो-देखो कैसी मजबूत छावनी में है दिल्ली! देखो-देखो चौराहे पर लगे शेर-घोड़ों की मूर्तियां? देखो-देखो रंग-बिरंगी इमारतें! देखो दिल्ली में तो कोई गरीब नहीं। सड़क पर गरीब गुरबा, मजदूर, आम आदमी नहीं है! देखो कैसी भव्य बैकड्रॉप पर नरेंद्र मोदी कतार में आ रहे राष्ट्राध्यक्षों से हाथ मिला रहे हैं!

एयरपोर्ट से शुरू दिल्ली और खासकर एनडीएमसी का राजधानी क्षेत्र मोटा-मोटी लॉकडाउन में है। मैं शुक्रवार शाम वसंत कुंज के नामी मॉल का अनुभव ले कर आया है। कोरोना काल वाली चहल-पहल व आवाजाही। लोग डर कर घर में घुसे हुए या घुसाए हुए। ऐसा भूतिया माहौल है, जिसमें लोग बाड़े में बंद हैं वही पूरी सरकार, उसके हजारों सुरक्षाकर्मी इस चिंता, डर और परेशानी में हैं कि लोहे की चादरों के पीछे छुपाई गई, ढकी गई बस्तियों से बाहर निकल भूत सड़कों पर चलते हुए दिखलाई नहीं दे जाएं! उन्हें विदेशी मेहमान देख नहीं लें। जाहिर है भारत में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ जैसा 9-10 सितंबर 2023 में नई दिल्ली में है। मैं 1978 में अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर की दिल्ली यात्रा से विदेशी राष्ट्राध्यक्षों के भारत आने, शिखर बैठकों की भारत मेजबानी का प्रत्यक्षदर्शी हूं। ऐसे ही मेरा अनुभव मॉरिशस से लेकर वाशिंगटन में राष्ट्रपति द्वारा भारत के प्रधानमंत्री की मेजबानी का प्रत्यक्षदर्शी है तो दिल्ली, जकार्ता के निर्गुट शिखर सम्मेलनों, कॉमनवेल्थ शिखर बैठक को कवर करने का भी है। इस सबकी बैकग्राउंड में 9-10 सितंबर 2023 की जी-20 शिखर बैठक की बनती दास्तां सर्वाधिक गंवार, भोंडी और भूतिया है।

कैसे? पहली बात विश्व नेताओं से लोगों को, गंदगी व गरीबी और रियलिटी को इतना कभी नहीं छुपाया गया जितना अभी छुपाया है। पहले भी झुग्गी इलाकों को ढका जाता था। तोड़-फोड़ करके वीवीआईपी रास्ते साफ-सुथरे बनाए जाते थे। नागरिकों की आवाजाही पर अंकुश होता था। पर इस बार तो लोगों को बस्ती से बाहर नहीं निकलने देने, दफ्तर-दुकान बंद रखने, मजदूर-कामवालियों में घर बंद रहने का वह खौफ बना है मानो सब आंतकी हैं और उनसे असुरक्षा है! सोचें, एनडीएमसी की नई दिल्ली और पूरी दिल्ली की आबादी पर। राष्ट्रपति भवन-प्रधानमंत्री निवास से लेकर चाणक्यपुरी दूतावास क्षेत्र, प्रगति मैदान सभी तरफ झुग्गियां हैं। इसके साथ मेट्रो दिल्ली (जिसमें एयरपोर्ट से जाने-आने के साथ की बस्तियां भी) की सवा तीन करोड़ लोगों की आबादी को विश्व नेताओं के आगे से बिल्कुल ओझल बनाना और सबकी जगह सिर्फ और सिर्फ अकेले नरेंद्र मोदी की फोटो दिखलाना क्या उत्तर कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति किम जोंग इलया उनके बेटे किम जोंग उन के ढर्रे पर दिल्ली की तस्वीर बनाना नहीं है? क्या यही नरेंद्र मोदी, जयशंकर, अजित डोवाल की वैश्विक कूटनीति में भारत तस्वीर का आइडिया है? ध्यान रह साल पहले जी-20 शिखर बैठक का राष्ट्रपति जोको विडोडो ने भी इंडोनेशिया के बाली में आयोजन कराया था। मैं स्वंय प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के समय निगुर्ट देशों के राष्ट्राध्यक्षों की विशाल भीड़ के जकार्ता शिखर सम्मेलन का साक्षी हूं। तब वहां एकाधिकारी-तानाशाह सुहार्तो राष्ट्रपति थे। उनका मकसद भी शिखर सम्मेलन से अपने फोटोशूट तथा देश के भीतर वाहवाही बनवाने का था। लेकिन राजधानी जकार्ता में वैसा कोई भोंडापन नहीं हुआ, आयोजन में वह कोई गंवारपना नहीं झलका जो अभी दिल्ली में झलकता हुआ है। सुहार्तो के समय यदि जकार्ता में ट्रैफिक सहज था, सब खुला हुआ था तो उनकी हर चौराहे पर फोटो भी नहीं थी।

और मालूम है राष्ट्रपति जोको विडोडो ने जी-20 के बाली शिखर सम्मेलन से अपनी और देश की कैसी वैश्विक इमेज बनाई? राष्ट्रपति विडोडो ने मौजूदा विश्व के नंबर एक वैश्विक मुद्दे पर फोकस बना हर उस देश की यात्रा की, जिससे रियल कूटनीति हो। वे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मिलने खुद कीव गए। फिर वहां से पुतिन से मिलने गए। दोनों को बाली आने का न्योता दिया। वे बीजिंग भी गए। राष्ट्रपति शी जिनफिंग को निजी तौर पर न्योता दिया। इस सारी कूटनीति से उन्होंने अपने प्रति सच्चा मान-सम्मान बनवाया। वैश्विक मीडिया में उनके और बाली के भव्य आयोजन के चर्चे हुए। अंत में बैठक से सर्वसम्मति का प्रस्ताव भी पास हुआ।

हां, राष्ट्रपति विडोडो ने भी मौके का फायदा उठा कर जनता में अपनी इमेज निखारने के जतन किए। लेकिन उनका और उनके कारिंदों का प्राथमिक फोकस था बैठक को उद्देश्यों से सार्थक बनाना। सभी पक्षों, देशों में सर्वसम्मति की कोशिश कर अपनी अध्यक्षता का सम्मान बनवाना। कोई आश्चर्य नहीं जो साल बाद अभी उनकी कमान में आसियान का सार्थक सम्मेलन हुआ है। इंडोनेशिया अपने इलाके का, मतलब एशिया-प्रशांत क्षेत्र का रियल नेतृत्वकर्ता बना है, जबकि नरेंद्र मोदी केवल फोटोशूट कराते हुए हैं। अपनी फोटो दिखलाते हुए है। व्यर्थ की जुमलेबाजी करते हुए। सोचें, नौ वर्षों की कमान में नरेंद्र मोदी ने पड़ोसी देशों के सार्क का एक शिखर सम्मेलन नहीं किया। चीन के साथ पटरी नहीं बैठ रही तो वही भारत की ताजा हकीकत में मणिपुर प्रदेश में मैती और कुकी के बीच जमीन का बंटवारा बना है और इस हकीकत के बीच में भी इस पाखंडी जुमले में वे जी-20 की थीम बना रहे हैं कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। क्या दुनिया के राष्ट्राध्यक्ष उल्लू हैं, जो भारत की अंदरूनी हिंदू-मुस्लिम या हिंदू-ईसाई की विभाजक राजनीति की हकीकत से बेखबर होंगे? या राष्ट्रपति बाइडेन, मैक्रों, ऋषि सुनक आदि पश्चिमी राष्ट्राध्यक्ष मेजबान मोदी के मुंह से न्यू वर्ल्ड ऑर्डर जरूरी का जुमला सुन यह नहीं बूझे कि प्रधानमंत्री चीन की जुबान बोल रहे हैं या रूस के पुतिन की?

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# आखिर कब तक मुंब्रा कलवा दिवा के दिव्यांग नेत्रहीन गूंगे बहरे और मंदबुद्धि बच्चों को शिक्षा से रखा जाएगा वंचित?

## अखिल भारतीय दिव्यांग सेवा के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ फारुक खान की मांग, जल्द मुंब्रा में माजूर बच्चों के लिए विशेष स्कूल और पुनर्वसन केंद्र की स्थापना की जाए

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** बड़े दुर्भाग्य की बात है की मुंब्रा कलवा दिवा शहर में एक भी दिव्यांग बच्चों के लिए सरकारी स्कूल की व्यवस्था नहीं है और अगर है भी तो वह भी दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों से मोटी रकम वसूल कर रहे हैं जिससे दिव्यांग बच्चों के अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं मुंब्रा कलवा दिवा मैं 500 से अधिक बच्चे हैं जो की पूरी तरह से नेत्रहीन गूंगे बहरे और मंदबुद्धि है ऐसे बच्चों के लिए विशेष अध्यापकों के साथ विशेष स्कूल की आवश्यकता पड़ती है जोकि मुंब्रा कलवा दिवा मैं सरकारी स्कूल नहीं है जिसके कारण दिव्यांग बच्चे शिक्षा से वंचित है और इनका पुनर्वासन भी नहीं हो पा रहा है और जो दिव्यांग हाथ पैर से विकलांग है उन लोगों के लिए साधारण स्कूल में भी वे शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं लेकिन जो बच्चे गूंगे बहरे नेत्रहीन और मंदबुद्धि है इन बच्चों के लिए एक विशेष स्कूल की आवश्यकता होती है और वह मुंब्रा कलवा दिवा में नहीं होने की कारण अभिभावकों को बच्चों को शिक्षा देने में बड़ी दिक्कतें आ रही है और अभी





हमारी मौजूदा महाराष्ट्र सरकार है जो दिव्यांग बच्चों के प्रति अभियान छेड़ दिया गया है जिसका नाम है दिव्यांग मंत्रालय दिव्यांग के दरवाजों पर जो विशेष स्कूल की बात की जा रही है वे स्कूल ठाणे में है जिसका नाम है ज़िद स्कूल इस विशेष स्कूल की पूरी जिम्मेदारी ठाणे मनपा प्रशासन अपने फंड से उठा रही है इसका लाभ ठाणे के नेत्रहीन गूंगे बहरे और मंदबुद्धि दिव्यांगों बच्चों को हो रहा है परंतु मुंब्रा कलवा दिवा के दिव्यांग बच्चे के अभिभावकों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वहां तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और मुंब्रा शहर में एक निजी स्कूल है जो संस्था द्वारा बड़े-बड़े दानवीरों के दान पर चल रहा है लेकिन दानवीरों के दान देने के बावजूद भी यह संस्था दिव्यांग बच्चों की अभिभावकों से पैसों की मांग करती है जिससे अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं यह सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमारी संस्था एवं संगठन के माध्यम से हम राज्य सरकार की मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी और दिव्यांग कल्याण मंत्रालय के अध्यक्ष एवं मुख्य मार्गदर्शक श्री ओम प्रकाश बच्चू कडू और जिलाधिकारी अशोक शिंगारे और ठाणे मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर से पत्र द्वारा हम यह मांग करते हैं जिस तरह से ठाणे मनपा प्रशासन द्वारा ज़िद स्कूल की स्थापना करके वहां के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा देने में सक्षम नजर आ रही है और उनका पुनर्वासन भी किया जा रहा है उसी की तर्ज पर मुंब्रा कलवा दिवा मैं माजूर बच्चों के लिए एक विशेष स्कूल और पुनर्वसन केंद्र की स्थापना करें जिससे दिव्यांग बच्चे शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके।

# टोरेंट पावर लिमिटेड कंपनी की विजिलेंस टीम द्वारा छापेमारी के दौरान एक ही इमारत के 43 मकानों में बिजली पकड़ी गई चोरी

## मुंब्रा पुलिस स्टेशन में किया गया मामला दर्ज

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** टोरेंट पावर की विजिलेंस टीम की छापेमारी के दौरान मुंब्रा अमृत नगर की एक इमारत में बिजली चोरी के 43 मामले पकड़े गए और 8 लोगों के विरुद्ध में मुंब्रा पुलिस स्टेशन में बिजली चोरी का मामला दर्ज कराया गया है आपको बताते चलें अमृत नगर में बाग ए ख्वाजा इमारत में बिजली चोरी पकड़ने की घटना सामने आई है और इस इमारत में ग्राउंड फ्लोर से लेकर छह मंजिल तक है यहां की 43 मकानों में 8 लोगों के नाम पर बिजली मीटर दिए गए हैं पहले इस स्थान पर नयना सदन नमक भवन था उसे समय उसे इमारत में 20 बिजली मीटर लगे थे बाद में उक्त भवन को धराशाई कर दिया गया लेकिन मीटर बिजली कंपनी के पास जमा नहीं कराया गया नयना सदन इमारत के भवन निमार्ता सैयद शबी अहमद अली द्वारा एक नई




इमारत का निर्माण करते समय पिछली इमारत का नाम बदलकर बाग ए ख्वाजा करके नए बिजली मीटर के लिए आवेदन करते हुए दिखाया गया था दरअसल उसे स्थान पर पुराने मीटर लगाकर उसे सीधे टोरेंट पावर चैनल से जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी विजिलेंस टीम ने पाया कि 8 लोगों के नाम पर मीटर दिखाकर 43 मकानों में चोरी की बिजली सप्लाई की जा रही थी इस मामले में मुंब्रा पुलिस स्टेशन में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135, 138, और 150, के तहत बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है छापेमारी के दौरान पता चला कि कल 15 लाख 93 हजार की बिजली चोरी की गई टोरेंट पावर कंपनी ने उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि बिजली चोरी न करें और बिजली मीटर से कतई तौर पर छेड़छाड़ ना करें अन्यथा उनके खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत गंभीर कार्रवाई की जाएगी।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### पालघर में ट्रक और बस के बीच जोरदार टक्कर

इस बस में वाडा स्थित पीजे हाई स्कूल और स्वामी विवेकानंद माध्यमिक विद्यालय के 56 स्कूली छात्र थे। बच्चे सुबह अपने स्कूल जाने के लिए बस में चिंचपाड़ा, पीक, शिलोत्तर, देवली, मानिवली से चढ़े थे। जबकि बस में इन छात्रों के अलावा 14 अन्य यात्री भी सवार थे। एमएसआरटीसी के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब पौने सात बजे वाडा तहसील के देसाई गांव के पास हुई। नगर निगम के ठाणे मंडल के नियंत्रक विलास राठौड़ ने कहा, दुर्घटना में शामिल बस एमएसआरटीसी की थी जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के छात्र सवार थे। उन्होंने बताया कि बस में कुल 70 यात्री सवार थे। बस चिंचपाड़ा-वाडा रोड पर सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में 47 छात्र समेत 55 यात्री घायल हुए। हालांकि इनमें से किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आई हैं। बस के चालक समेत सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद जोरदार झटका लगने से कई छात्रों को मुंह, दांत और सिर पर चोट लगी है। सौभाग्य से दुर्घटना में कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। उपचार के बाद सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया।

### एनसीपी में घमासान तेज

इसलिए चुनाव आयोग का दफ्तर भी आज बंद है। लेकिन फिर भी शरद पवार गुट की ओर से चुनाव आयोग को एक मेल के जरिए जवाब भेजा गया है। चुनाव आयोग ने एनसीपी अजित पवार गुट की याचिका पर शरद पवार खेमे से तीन हफ्ते में जवाब माँगा था। आयोग द्वारा दी गयी समय सीमा 9 सितंबर को समाप्त हो रही है। लेकिन इससे एक दिन पहले ही शरद पवार गुट ने अपना जवाब चुनाव आयोग को ई-मेल के जरिए भेज दिया। अजित पवार गुट की ओर से दावा किया गया है कि वह ही एनसीपी पार्टी हैं और अजित पवार एनसीपी के अध्यक्ष हैं। इस संबंध में अजित पवार गुट की ओर दस्तावेज भी चुनाव आयोग को सौंपे गये हैं। हालाँकि शरद पवार गुट की ओर से भेजे गए जवाब में उन सभी दावों का खंडन किया गया है। महाराष्ट्र की सत्ता में शामिल होने पर अजित दादा ने चुनाव आयोग में याचिका दायर की गयी थी। उन्होंने याचिका में कहा था कि वह एनसीपी के मुखिया हैं। याचिका में दावा किया गया है कि अजित पवार को एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी नियमों के तहत एनसीपी अध्यक्ष बनाया है। इसे साबित करने के लिए अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग को कागजात भी दिए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अजित पवार गुट ने याचिका में कहा है, हमारे पास जन प्रतिनिधियों का बहुमत है। इनमें से प्रत्येक प्रतिनिधि लाखों नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते है। हमारा संख्या बल अधिक है। इसलिए पार्टी हमारी ही है। अजित पवार के गुट ने मांग की थी कि पार्टी का नाम 'एनसीपी' और सिंबल 'घड़ी' उन्हें ही मिलना चाहिए। अजित पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम व चुनाव चिह्न पर दावा करने के बाद चुनाव आयोग ने चाचा-भतीजे के दोनों गुटों को नोटिस भेजा था। जिसके बार शरद पवार गुट ने दस्तावेज तैयार करने के लिए चार हफ्ते का वक्त मांगा था। हालाँकि चुनाव आयोग ने तीन हफ्ते का समय दिया था।

### देवेंद्र फडणवीस को बड़ी राहत

इस संबंध में वकील सतीश उइके ने नागपुर के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दायर की थी और फडणवीस के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया था। अदालत को फडणवीस ने बताया कि उन्होंने अपने ऊपर दर्ज मामले की जानकारी हलफनामे में गलती से नहीं दी। इन अपराधों को छुपाने का कोई खराब उद्देश्य नहीं था। साथ ही फडणवीस की ओर से अदालत में दलील दी गई कि हर चुनाव में मुझे मिलने वाले वोटों की संख्या बढ़ती जा रही है। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला 5 सितंबर तक के लिए टाल दिया था। इसके बाद आज निर्णय सुनाया गया।

### त्योहारी सीजन में 90 हजार एसटी कर्मचारियों को तोहफा

इसलिए महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी से सरकार पर 9 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। इसी प्रकार, एसटी कर्मचारियों को अपुनरीक्षित वेतन संरचना में महंगाई भत्ता 203 प्रतिशत की बजाय 212 प्रतिशत मिलेगा। एसटी महामंडल के अमृत महोत्सव के समापन समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सरकारी कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता देने का वादा किया था। हालाँकि, काफी समय बीत जाने के बाद भी इस वादे पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर एसटी कर्मचारी संघों ने नाराजगी व्यक्त की थी। सातवें वेतन आयोग के तहत महाराष्ट्र के सरकारी कर्मचारियों को जनवरी 2023 से चार फीसदी बढ़ाकर महंगाई भत्ता दिया जा रहा है। इसी तरह एसटी कर्मचारियों का भी महंगाई भत्ता बढ़ाया जाना था, लेकिन अभी तक इस पर फैसला नहीं लिया गया था।

# 'प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में घायल और मरने वालों की संख्या कोरोना महामारी से भी अधिक'

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलडाणा।** सार्वजनिक बांधकाम मंडळ अकोला के अंतर्गत आने वाले अकोला, बुलडाणा और वाशिम जिले के लोक निर्माण विभाग के सभी अभियंताओं के लिए 'सड़क दुर्घटनाएं और उनके उपाय' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर कार्यशाला का उद्घाटन श्री. राधेशाम चांडक (भाईजी) ईनके हाथों किया गया। इस मौके पर राधेशाम चांडक अपने विचार व्यक्त किए। लोक निर्माण मंडल, अकोला के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग अकोला, बुलढाणा और वाशिम के सभी इंजीनियरों के लिए 'सड़क दुर्घटनाएं और उपाय' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला 05. सितंबर को 'गोवर्धन' भवन, बुलढाणा अर्बन के सभागार में आयोजित की गई थी। श्री राध्येशम चांडक, अध्यक्ष, बुलढाणा अर्बन, कार्यशाला के उद्घाटनकर्ता के रूप में, श्री अविनाश धोंडगे, अधीक्षण अभियंता, एस.बी.ए. मंडल, अकोला, कार्यशाला के अध्यक्ष के रूप में उपस्थित थे, जबकि श्री सुभाष राउत, कार्यकारी अभियंता,





बुलढाणा/ वाशिम उपस्थित थे। श्री प्रसाद पाटिल, कार्यकारी अभियंता, अकोला, श्री थोटांगे, कार्यकारी अभियंता, खामगांव, मुख्य उपस्थिति में थे। उद्घाटन भाषण में, उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, घायल और मारे गए लोगों की संख्या भारत में हर दिन सड़क दुर्घटनाएं कोरोना काल से भी अधिक गंभीर हैं। संबंधित ठेकेदारों को उपकरणों के उपयोग के साथ-साथ सूचना बोर्डों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और सड़कें अच्छी स्थिति में होने के बाद भी दुर्घटनाओं की संख्या में कमी नहीं आएगी। क्षेत्रीय परिवहन विभाग (आरटीओ) को ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली को सख्त बनाना चाहिए जिससे भविष्य में और साथ ही उनके रोजगार के कार्यकाल के दौरान दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आएगी। और सामाजिक जीवन में कैसे रहना है इसके बारे में मार्गदर्शन दिया। उक्त कार्यशाला के अध्यक्षीय भाषण में अविनाश धोंडगे, अधिक्षक अभियंता, सा.बा.मंडळ, अकोला,ने सड़क दुर्घटनाओं को कैसे कम किया जा सकता है, इस पर मार्गदर्शन दिया और उन्हीं की पहल पर उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया। उन्होंने शिक्षक दिवस के मौके पर इस वर्कशॉप का आयोजन किया और सभी इंजीनियरों को एक खास तोहफा दिया।

## 23 सितंबर को रावणा राजपूत समाज का अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन जयपुर में होगा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट पीरु सिंह गौड़ ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि रावणा राजपूत समाज का अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह भाटी व प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला, प्रदेश युवा अध्यक्ष श्याम सिंह खोड व महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता कंवर राठौड के नेतृत्व में 23 सितंबर को आयोजित होगो जिसमें लाखों की संख्या में रावणा राजपूत समाज बंधु व मातृशक्ति शामिल होंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारीयों को जिम्मेदारियां सोपी गई है प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन में मेजर दलपत सिंह शेखावत देवली को समाज द्वारा सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के दौरान समाज द्वारा सरकार से मांग की जाएगी कि रावणा राजपूत सहित ओबीसी की अति पिछड़ी जातियों को अलग से आरक्षण देने, रावणा राजपूत जाति के साथ जुड़े अन्य नाम को हटाकर राजस्व रिकॉर्ड में एक नाम रावणा राजपूत करने, हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत देवली के शौर्य को विस्तृत रूप से राजस्थान बोर्ड और एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में शामिल करने, आगामी विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों द्वारा रावणा राजपूत समाज को संख्या अनुपात में प्रतिनिधित्व देने सहित स्वर्गीय आनंदपाल सिंह के तथाकथित एनकाउंटर में सीबीआई जांच मे समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, देश में जातिगत जनगणना करवाने, मेजर दलपत सिंह शेखावत के नाम से उनके पैतृक गांव देवली जिला पाली मे पैनोरमा बनाने व उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी करने, राजस्थान हाईफा कल्याण स्मृति बोर्ड में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति शीघ्र की जाए उसके संबंध में सरकार से मांग की जाएगी उक्त जानकारी श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान राजस्थान के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट पीरु सिंह गौड़ ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं!

## भारतीय इतिहास में कोई दूसरा व्यक्ति इतना महान नहीं हुआ जिसे योगेश्वर पुकारा जाता हो – वीरेन्द्र विक्रम

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** आर्य समाज अवंतिका योग यज्ञ कार्यशाला के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव अवंतिका डबल टंकी वाला पार्क में किया गया। सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक पंडित मोहित शास्त्री एवं नरेश चन्द्र द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति के साथ साथ भगवान कृष्ण के चरित्र को विस्तार से समझाया एवं बताया गया भगवान कृष्ण का आहार सात्विक दही दूध मक्खन था अंडे या मांस नहीं था। उन्होंने बताया आज के समय में विधर्मियों द्वारा हो रहे लव जिहाद,बलात धर्मांतरण के समय में श्रीकृष्ण जैसे महापुरुष की दुराचारियो का नाश करने के लिए और शांति धर्म की स्थापना के लिए महत्ती आवश्यकता है। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से आए वैदिक विद्वान आचार्य वीरेन्द्र विक्रम



ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय इतिहास में कोई दूसरा व्यक्ति इतना महान नही हुआ जिसे योगेश्वर पुकारा जाता हो। आर्य समाज अवंतिका की संरक्षिका डॉ प्रतिभा सिंघल ने बताया कि नंद बाबा के लाख गाय थीं।वे माखन चोर नहीं थे।श्रीकृष्ण जी पर लगाया हुआ यह लांछन हटाना चाहिए किसी भी हिंदू को श्रीकृष्ण जी को माखन चोर नहीं कहना चाहिएं। सभा का संचालन समाज के प्रधान वेद प्रकाश तोमर द्वारा किया गया एवं उपस्थित माता और बहनों से निवेदन किया की अपने बच्चों को खासकर बेटियो पर अधिक ध्यान देवे। अंत में मुख्य अतिथि वार्ड 56 के पार्षद मनोज त्यागी द्वारा सभी को धन्यवाद एवं कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम में सहयोग के लिए एसपी सिंह, देवेंद्र तोमर, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, बीपी सिंह, संजीव आर्य, राजीव बिश्नोई, हरि प्रकाश, अवंतिका रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हृदेश कंसल जी भोपाल सिंह सभी को हृदय से धन्यवाद दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री मनोज त्यागी,आशा आर्या,प्रमोद शास्त्री,सत्य पाल आर्य एवं संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।


# योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कर्तव्य पथ पर अग्रसर कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह

### कानपुर जोन के आठ जनपदों में सकुशल जन्माष्टमी और चेहल्लुम

### कानपुर जोन के अंतर्गत आने वाले कानपुर देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फतेह गढ़ जालौन ,ललितपुर और झांसी में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई भी जारी

**मुंबई हलचल / सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां कानपुर जोन के अंतर्गत आने वाले आठ जिलों कानपुर देहात, इटावा , औरैया, कन्नौज, फतेहगढ़ जालौन ,ललितपुर और झांसी में जन्माष्टमी और चेहल्लुम को भी शांति और सदभाव पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सफलता प्राप्त की गई। इसके लिए यहां के एडीजी जोन आलोक सिंह ने आवश्यक आदेश निर्देश पहले ही दे रखे थे। जिसके फलस्वरुप सतर्क रही पुलिस जन्माष्टमी और चेहल्लुम को शांति और सदभाव पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में सफल हुई। यद्यपि जोन के अंतर्गत आने वाले कानपुर देहात, इटावा ,औरैया, कन्नौज ,फतेह गढ़ ,जालौन ,ललितपुर और झांसी में किसी भी त्यौहार और पर्व को सद्भाव और शांति तरीके से संपन्न कराना बहुत सरल नहीं माना जाता ,फिर भी इसमें पूर्ण सफलता भी इसलिए मिलकर रही, क्योंकि आजकल एडीजी के रूप में कानपुर जोन की कमान अपराधियों के खिलाफ प्रभावी



कार्रवाई और पीड़ितों की सहायता में भी सदैव अव्वल राष्ट्रपति तक के गोल्ड और प्लेटिनम समेत सभी तरह के मेडलों और पुरस्कारों के रुप में अनेक दुर्लभ उपलब्धियों के प्रसंसनीय धारक नोएडा के पहले सफल और सर्वोत्तम पुलिस कमिश्नर भी रहे। देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और इमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक स्वाभिमानी स्वभाव के परोपकारी वरिष्ठ आई पी एस आलोक सिंह के हाथ में है ,जिनकी कर्तव्य के प्रति पूर्ण निष्ठा, जिनकी निष्पक्षता, जिनकी पारदर्शिता, जिनकी ईमानदारी, जिनकी अभूतपूर्व नेतृत्व क्षमता, जिनकी अदम्य साहस वाली कर्मठता, जिनकी निडरता और जिनकी कठोर परिश्रम शीलता अपने कर्तव्य का निष्ठा से पालन करने सदैव अग्रणी ही रहती है। यही नहीं बेहद तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और शांति तथा कानून व्यवस्था के खिलाफ किसी भी तरह की अनुचित सिफारिश को जूते की नोक पर मारने के लिए भी चर्चित कानपुर जोन के जुझारू तेवरों वाले

एडीजी आलोक सिंह का अबतक का इतिहास यह साबित करता है कि उनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा हर छोटी से छोटी घटना को भी बहुत गम्भीरता से लेकर पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाही और पीड़ितों की सहायता में भी कभी पीछे नहीं रही। इस बीच उन्होंने लोगों को जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें भी दीं हैं।

## छत्तीसगढ़ में देश के सर्वाधिक अखिल भारतीय सेवाओं के अफसरों की नौकरी खतरे में

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान (विजया पाठक)** आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। भगवान श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं कि- कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि।। मतलब कर्म करो, फल की चिंता मत करो। क्योंकि, फल तो ईश्वर के हाथ में है। न कर्म से भागना उचित है और न ही कर्म के फल की आशा करना उचित है, शायद आधुनिक भारत की अखिल भारतीय सेवाओं के अफसरों को यही मूल मंत्र के साथ प्रशिक्षण दिया जाता होगा। पर इससे विमुख होकर छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारी राजनीतिक नेतृत्व को ईश्वर मान बैठे थे। इसका परिणाम यह है कि देश में सबसे ज्यादा दागी अधिकारी कहीं नजर आ रहे हैं तो वो छत्तीसगढ़ राज्य है। अभी 03 आईएएस अफसर ईडी की कार्यवाही से जेल में हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के करीब-करीब 15-16 आईएएस/आईपीएस अफसरों पर कार्यवाही की तलवार लटक रही है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश के यह 15-16 आईपीएस अधिकारी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से रात में मिलने पहुंचे थे। जहां इन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ईडी के माध्यम से इनके ऊपर कार्यवाही को लेकर डर/आशंका जाहिर की। इसके साथ भूपेश बघेल से संरक्षण भी मांगा। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन अधिकारियों से कहा कि गलती की है तो भुगतो। क्या मैंने कहा था कि भ्रष्टाचार करो। पर यहां यह बात भी देखने योग्य है कि प्रदेश का मुख्यमंत्री अपने अधिकारियों से ऐसी बात कह रहे हैं। सवाल तो यह भी है कि क्या मुख्यमंत्री की बगैर जानकारी के प्रदेश में कोई भ्रष्टाचार हो सकता है। अधिकारियों के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी इन भ्रष्टाचार में शामिल हैं? खैर, सूत्रों के मुताबिक तमाम भ्रष्टाचार को लेकर छत्तीसगढ़ के इन 16 आईपीएस अधिकारियों की एक-एक फाईल केंद्र द्वारा बनाई गई हैं जिसकी मॉनिटरिंग सीधे गृहमंत्री कर रहे हैं। इसमें कोयला घोटाला, शराब घोटाला, महादेव ऐप घोटाला तो हैं ही इसके अलावा अन्य कारनामें/घोटाले भी दर्ज हैं।

## खण्ड खण्ड भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले थे श्रीकृष्ण – श्रद्धानंद शर्मा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** आर्य समाज राज नगर, सेक्टर-5 में धर्म संस्थापक योगेश्वर कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर पुरोहित दुर्गा प्रसाद जी के ब्रह्मत्व में महायज्ञ सम्पन्न हुआ,यज्ञोप्रान्त यज्ञमानों को आशीर्वाद दिया ओर उन्होंने श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। अम्बाला से आई सुप्रसिद्ध भजनोपदेशिका श्रीमती श्वेता आर्या व साथी कलाकारों ने श्रीकृष्ण की महिमा पर भजनोपदेश के द्वारा श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।विशिष्ठ अतिथि के रूप में आए पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की सभी को बधाई दी। मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली से पधारे वैदिक विद्वान प्रो डा धर्मेंद्र शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि सात स्वरों को साधने वाला संगीतज्ञ बन जाता है।बांसुरी के भी 7 स्वर हैं। संरक्षक श्रद्धानंद शर्मा ने कहा कि श्री कृष्ण के जन्म के समय भारत खण्ड-खण्ड में विभक्त था।'गृहे गृहे ही राजानः स्वस्य स्वस्य प्रियं कराः' अर्थात घर घर राजा हैं और अपने ही हित में लगे हुए हैं।सम्पूर्ण राष्ट्र को एक सूत्र में बाँधने वाला कोई ना था।कंस,जरासन्ध, शिशुपाल,दुर्योधन आदि जैसे दुराचारी व विलासियों का वर्चस्व बढ़ रहा था।राज्य के दैवीय सिद्धान्त से भीष्म जैसे योद्धा तक बंधे हुए थे। आर्य समाज के यशस्वी मंत्री व कुशल मंच संचालक चौ.सत्यवीर ने कहा कि जिस समय




श्रीकृष्ण जन्म हुआ उस समय अधर्म का प्राबल्य था। समाज के प्रधान डा वीरेन्द्र नाथ सरदाना ने सभी दूर दूर से पधारे श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष माया प्रकाश त्यागी, श्रीमती आशा चौधरी,वंदना अरोड़ा, शिल्पा गर्ग,सर्वश्री सेवा राम त्यागी, वीके धामा, नरेंद्र पांचाल, प्रवीण आर्य, सुभाष चन्द गुप्ता, शशिबल गुप्ता, ओम प्रकाश शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

## बीकानेर जिले में सबसे कम उम्र वाले हाफिजे कुरआन बने मदरसा मअहदुल कासिम में

**संवाददाता सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** मदरसा मअहदुल कासिम प्रताप बस्ती गजनेर रोड पर स्थित है जिसने आज बेहतरीन कामयाबी पाई है कि बीकानेर जिले को सबसे कम उम्र हाफिजे कुरआन दिए जो पूरे जिला बीकानेर के लिए गर्व की बात है इनमे एक मोहम्मद अफ्फान जो अभी गयारह वें साल में है और एक अब्दुर्रहीम जो तेरहवें साल में है दोनो ने कम उम्र में मेहनत और उस्ताद हाफिज मोहम्मद तोहीद की रहनुमाई में मुकम्मल कुरआन को मात्र ढाई साल में हिफ्ज कर लिया इसी के साथ स्कूल भी पढते एक पांचवी व दूसरा आठवीं क्लास में है मदरसा मअहदुल कासिम तालीमी बेदारी में हर वक्त फिक्र मंद रहता है मदरसा संचालक मुफ्ती सद्दाम हुसैन कासमी की ख्वाहिश है कि यह कम उम्र बच्चे हिफ्जे कुरआन के बाद पढ़ते



रहें इस्लामिक स्कॉलर के साथ डॉक्टर व आई ए एस बने और इंसानियत की खिदमत करते रहें।

# जिस बिहार को कभी सोने का चिड़िया कहा जाता था आज विकास के सबसे निचले पायदानपर खड़ा है : मंजूर आलम जन सुराज लिडर

**मुंबई हलचल / सलीम आजाद**

**मधुबनी।** मंजूर आलम जन सुराज सेवक मधुबनी सह बिस्फी विधानसभा ने मीडिया से कहा कि भाइयों और बहनों इस बार सत्ता परिवर्तन निश्चित है जन सुराज के साथ, सत्ता परिवर्तन के साथ बिहार की खोई हुई प्रतिष्ठा पुनः वापस आयेगी। आप ने हमने आज तक कई सरकारें बनाई है लेकिन जनता को जो सुख प्राप्त होना चाहिए वह किसी भी सरकार ने नहीं दिया उल्टे बिहार को गर्त में धकेल दिया। बेरोजगारी, अशिक्षा, पलायन और गिरती शासन व्यवस्था जेसी बिमारी से बिहार बिमारू राज्य कहलाने लगा। जिस बिहार को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था आज विकास के सबसे निचले पायदान पर खड़ा है। यहाँ के लोग रोजगार की तलाश में दूसरे देश और राज्य में दर बदर की ठोकर खा रहे हैं कभी सरकार ने रोजगार देने कीओर ध्यान ही नहीं दिया, सिर्फ सत्ता किस तरह हाथों में रहे जुगाड़ टेक्नोलॉजी का प्रयोग करता रहा। दोस्तों विकास तो हुआ यह सत्य है लेकिन किसका हुआ जिसको हम लोगों ने वोट देकर जिताया कभी धर्मवाद के नाम पर, क्षेत्रवाद के नाम पर,कभी जातिवाद के नाम पर, कभी मुर्गा भात के नाम पर तो कभी जन प्रतिनिधि से




वोट के बदले रूपया पैसा लेकर हमने अपना ईमान बेच दिया। क्या आपके बच्चे, अरोस परोस के बच्चों को रोजगार मिला बिहार में तो निश्चित रूप से आपका हमारा जवाब नहीं में ही होगा? । दोस्तों वक्त आ रहा है ऐसे जन प्रतिनिधियों और सरकार को अपने कर्मों की सजा देने का। सरकार बनाने और गिराने का कुंजी हम लोगों के पास है क्योंकि हमारे पास वोट देने का अधिकार है और हमारे वोट से ही सरकार बनती है। निश्चित रूप से हम सभी के घर का बच्चा रोजगार पाने के लिए दूसरे राज्य में दर बदर की ठोकर खा रहा है। आने वाले समय में हम सभी लोग वोट उसी को दें जो हमारे बच्चे को बिहार में ही रोजगार देने की बात करेगा। जन सुराज के मुखिया आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी कहते हैं अगर बिहार की जनता ने हमें अपना समर्थन दिया और बिहार में जन सुराज की सरकार बनी तो एक वर्ष के अंदर नाली- गली बने न बने लेकिन सभी बिहार के युवा जो रोजगार पाने के लिए बिहार से पलायन कर चुके हैं उन्हें वापस बुलाकर और जो युवा बिहार में बेरोजगार हैं उन्हें निश्चित रूप से 10 हजार से 15000 तक का रोजगार अपने पंचायत प्रखण्ड में दे दूंगा यह वादा है जन सुराज का और और आदरणीय श्री प्रशांत किशोर जी जो कहते वह निश्चित रूप से होकर रहेगा। इसलिए दोस्तों आने वाले वक्त में निश्चित रूप से जन सुराज को अपना समर्थन दें। मुझे आशा और विश्वास है बेरोजगारी की समस्या निश्चित रूप से पलायन कर जायेगा।




दैनिक मुंबई हलचल
जरूरी सूचना
पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.
धन्यवाद... संपादक
9821238815

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा (जनपद रुद्रप्रयाग) में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**रुद्रप्रयाग।** दिनांक 07 सितम्बर 2023 की सांयकाल को जनपद रुद्रप्रयाग पुलिस के रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा के मैदान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव (श्री कृष्ण जन्माष्टमी) हर्षोल्लास, श्रद्धा व धूमधाम के साथ मनाई गई। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन रतूड़ा के मैदान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर सांस्कृति संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि मा0 विधायक रुद्रप्रयाग भरत सिंह चौधरी, पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग, सचिव



विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पुलिस परिवार के छोटे-छोटे नन्हे कलाकारों, जनपद रुद्रप्रयाग के विभिन्न विद्यालयों से आयी छात्राओं, डायट रतूड़ा के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समां बांधा गया। इस अवसर पर जनपद पुलिस परिवार के नन्हें बच्चों के मध्य बेस्ट राधा एवं बेस्ट कान्हा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बेस्ट राधा में कु0 अन्तरा पुत्री नरेन्द्र सिंह (उम्र 07 वर्ष) ने प्रथम स्थान व बेस्ट कान्हा में अभिनव पुत्र उपेन्द्र सिंह (उम्र 07 वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने इन बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु इनको पारितोषिक से सम्मानित किया गया।

तदोपरान्त मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग द्वारा पर्वतारोहण के क्षेत्र में प्रदेश एवं जनपद का नाम रोशन करने वाली तीलू रौंतेली पुरस्कार से सम्मानित सुश्री प्रीति को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पुलिस विभाग रुद्रप्रयाग के कार्मिकों द्वारा भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों के मन को मोहा गया व मेहमान कलाकार श्री जगदीश कोहली एवं रेनू डोभाल द्वारा अपने गानों की प्रस्तुति देकर समां बांधा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक रुद्रप्रयाग द्वारा उपस्थित अतिथिगणों तथा जनपदवासियों को जन्माष्टमी के पर्व पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए पुलिस परिवार को उनके द्वारा आयोजित किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए बधाई दी।

# पौड़ी की ऑपरेशन स्माइल टीम ने चंद घंटों में गुमशुदा हुये 4 बच्चों को सकुशल किया परिजनों के सुपुर्द

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

पौड़ी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देशन में ऑपरेशन स्माइल टीम कर रही त्वरित कार्यवाहियाँ। अपने जिगर के टुकडों को देख परिजनों के चेहरे पर लौटी खुशियाँ, कहा शुक्रिया पौड़ी पुलिस। पुलिस मुख्यालय स्तर से गुमशुदाओं की तलाश हेतु दिनाँक 01.09.2023 से 31.10.2023 तक 02 माह का ह्वऑपरेशन स्माईलह्व अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे* द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों/ऑपरेशन स्माईल टीम को गुमशुदा बच्चों की तलाश कर सकुशल परिजनों के सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल जया बलोनी, क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन श्री विभव सैनी के निकट निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अल्ळ्व श्री राजेंद्र सिंह खोलिया के नेतृत्व में दिनांक 07.09.2023 को ऑपरेशन स्माईल टीम को बस स्टेशन कोटद्वार पर 02 नाबालिग रोते हुए मिले। जिस पर पुलिस टीम द्वारा बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से एएचटीयू कार्यालय लाया गया जहाँ ऑपरेशन स्माईल टीम द्वारा बच्चों से अपनेपन का एहसास दिलाकर पूछताछ की गयी तो बच्चों ने अपना नाम नाम विजय एवं नन्हे निवासी- लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश बताया साथ ही बताया कि वह लखीमपुर खीरी से गलती से ट्रेन में बैठ कोटद्वार पहुंच गए।

# उत्तराखंड में जन्माष्टमी की धूम, कान्हा की भक्ति में सराबोर हुए श्रद्धालु, निकाली गई रैली

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ था, जिन्हें हिन्दू धर्म में भगवान विष्णु का आठवां अवतार माना जाता है। उत्तराखंड में जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण की मूर्तियों और तस्वीरों पर दूध, दही, घी, शहद और फूलों से अभिषेक किया।उत्तराखंड के प्रसिद्ध मंदिरों जैसे बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इन मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को मनाने के लिए भजन-कीर्तन और आरती की।वहीं देहरादून के काठ-बांग्ला में युवाओं ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रैली निकाली। इस रैली में बढ़-चढ़कर युवाओं ने हिस्सा लिया। रैली के दौरान युवाओं ने भजन-कीर्तन और आरती की। रैली के वही आयोजक पिंटू रजत और अनिल यादव ने कहा कि यह रैली भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव को मनाने और उनके आदर्शों को लोगों के बीच फैलाने के लिए निकाली गई है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री



कृष्ण ने अपने जीवन से हमें प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का पाठ पढ़ाया है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए।

रैली के दौरान युवाओं ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण हमारे आराध्य देव हैं। उनका जन्म हमारे जीवन में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश लेकर आया है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए।रैली के समापन पर आयोजकों ने सभी युवाओं को धन्यवाद दिया और कहा कि हम सभी मिलकर भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को लोगों के बीच फैलाने का काम करेंगे।इसके अलावा, उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कई जगहों पर भजन-कीर्तन और कथा-कथन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कई जगहों पर भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण की झांकियां भी निकाली।जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म हमारे जीवन में प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश लेकर आया है। हमें उनके आदर्शों पर चलकर एक बेहतर समाज का निर्माण करना चाहिए।जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तराखंड में भक्तों ने भगवान श्री कृष्ण से सुख, समृद्धि और शांति की कामना की।

## छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करती पौड़ी पुलिस

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पौड़ी।** छात्र-छात्राओं के बालिग होने पर ही वाहन चलाने की दी गयी हिदायत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे* के निर्देशन में आज दिनाँक 08.09.2023 को यातायात निरीक्षक कोटद्वार शिव कुमार व यातायात पुलिस टीम द्वारा गुरु राम राय स्कूल कोटद्वार में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों, संकेतों व यातायात चिन्हों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं के बालिग होने तक वाहन न चलाने एवं मोटर वाहन अधिनियम में नाबालिग द्वारा वाहन चलाने पर होने वाली चालानी/दण्डात्मक कार्यवाही के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।



## ऑनलाइन सामान की डिलिवरी करने वाले 'डिलीवरी बॉयज' को जागरूक करने के साथ-साथ किया गया उनका सत्यापन

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पौड़ी** पुलिस द्वारा आमजन के साथ हो रही धोखाधड़ी की घटनाओं की रोकथाम के दृष्टिगत ऑनलाइन सामान की डिलिवरी करने वाले 'डिलीवरी बॉयज' को जागरूक करने के साथ-साथ किया गया उनका सत्यापन।ग्राहक आधिकारिक वेबसाइटों पर ही सर्च करें किसी भी कम्पनी का कस्टमर केयर नम्बर। आज दिनाँक 08.09.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे* के निर्देशन में कोतवाली लैन्सडाउन पुलिस ने अमेजन, मित्रां, मीशू, रिलायन्स आदि ऑनलाइन कम्पनियों के सामान की ऑनलाइन डिलीवरी करने वाले डिलीवरी बॉय* को ग्राहकों के साथ होने वाले साइबर अपराध से बचाव के विषय में जानकारी दी गयी साथ ही बताया गया कि ऑनलाइन डिलीवरी करते समय ग्राहकों को यह जानकारी दें कि सामान पसन्द न आने पर या कोई शिकायत* करने पर कस्टमर केयर नम्बर गूगल पर सर्च करने के बजाय सम्बन्धित कम्पनी की आधिकारिक वेबसाइट* से ही कस्टमर केयर नम्बरों पर शिकायत दर्ज करें क्योकि कभी-कभी गूगल पर कस्टमर केयर नम्बर फर्जी होने के कारण ग्राहक धोखाधड़ी का शिकार* हो जाते हैं।



## लछैर में हुई चोरी का खुलाशा करते हुए थाना जाजरदेवल पुलिस ने 02 अभियुक्तों को चोरी किये हुए माल के साथ किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** दिनांक- 06.09.2023 को बद्री दत्त सनवाल ने थाना जाजरदेवल में तहरीर दी कि वह मड़मानले पेयजल योजना का कार्य देख रहे हैं ।उनकी साइड में अज्ञात लोगों द्वारा टंकी के 21 लोहे के फ्रेम चोरी कर लिये गये हैं ।तहरीर के आधार पर थाना जाजरदेवल में धारा 379 क्ढउ* के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया ।पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़ लोकेश्वर सिंह* के आदेशानुसार उक्त चोरी का अनावरण करने हेतु पुलिस टीम गठित की गयी। थानाध्यक्ष थाना जाजरदेवल प्रकाश चन्द्र पाण्डे* के नेतृत्व में पुलिस व एसओजी टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी करते हुए दिनांक 07.09.2023 को दो अभियुक्तों क्रमशः 1-कमलेश जोशी पुत्र श्री हरी दत्त जोशी निवासी जूंगापानी पो0 गाड़गांव पिथौरागढ़, 2- मो0 कलीम पुत्र रहमद शाह निवासी वार्ड न0 15 पहाड़गंज, कोतवाली रूद्रपुर उद्यमसिंहनगर* को लछैर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया हुआ माल भी बरामद किया गया। बरामदा माल के आधार पर उक्त अभियोग में धारा- 411 आईपीसी की बढ़ोत्तरी की गयी। अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मानसून में तेजी से फैलता है यह रोग

## लक्षण जानकर ऐसे करें बचाव

हेपेटाइटिस लीवर से संबंधित एक संक्रमित बीमारी हैं, जिसे हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी, और ई के रूप में भी जाना जाता है। लीवर को प्रभावित करने वाली इस बीमारी के कारण लीवर में सूजन और असहनीय दर्द की समस्या देखने को मिलती है। इस बीमारी के कारण हर साल दुनियाभर में करीब 14-15 लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं। ज्यादातर लोगों को इस बीमारी के कारण और लक्षण पता नहीं होते, जिसके कारण वह इसकी चपेट में आ जाते हैं। लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए आज दुनियाभर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जा रहा है। 'वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे' के मौके पर हम भी आपको इसके लक्षण, कारण और कुछ घरेलू उपचार बताएंगे, जिससे आप इस बीमारी से बच सकते हैं।

### हेपेटाइटिस के कारण :

1. लीवर के इंफ्लैममेशन के कारण हेपेटाइटिस रोग होता है। इसके अलावावायरल इंफैक्शन के कारण भी इस रोग का खतरा बढ़ जाता है।
2. अल्कोहल का सेवन सीधे लीवर और मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करता है। इसलिए ज्यादा मात्रा में अल्कोहल का सेवन हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ा देता है।
3. कुछ दवाईयां जैसे एसिटामिनोफेन का बहुत ज्यादा सेवन भी इस बीमारी का कारण बन सकता है। इसके कारण विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर नहीं निकल पाते और शरीर के कई हिस्सों में सूजन भी आ जाती है।
4. दूषित भोजन और पानी के जरिए भी यह बीमारी हो सकती है। हेपेटाइटिस के मामले गर्मी और बरसात के मौसम में ज्यादा सामने आते हैं, क्योंकि इन मौसमों में पानी काफी प्रदूषित हो जाता है।
5. गलत खान-पान का असर भी हेपेटाटिस रोग का कारण बनता है। गलत खान-पान का सीधा असर लीवर पर पड़ता है, जिससे आप इस बीमारी की चपेट में आ सकते हैं।

हेपेटाइटिस के लक्षण
भूख कम लगना
वजन का घटना
पेट दर्द और सूजन
त्वचा में खुजली होना
पीलिया की समस्या होना
मूत्र का रंग गहरा हो जाना
बहुत ज्यादा थकान होना
मतली और उल्टी आना
त्वचा और आंखों का पीला पड़ जाना

### हेपेटाइटिस का घरेलू इलाज

1. कपूर
हेपेटाइटिस के मरीज के लिए कपूर काफी फायदेमंद माना जाता है। गेहूं के दाने बराबर कपूर को शहद के साथ मिलाकर मरीज को दें। इससे उसे काफी फायदा मिलेगा।
2. तुलसी के पत्ते
तुलसी के पत्ते को पीसकर उसे मूली के रस के साथ हेपेटाइटिस रोगी को दें। नियमित रूप से इसका सेवन इस रोग को दूर कर देगा।
3. हरा धनिया
हरा धनिया और 8-10 तुलसी के पत्तों को 4 लीटर पानी में उबालकर मरीज को पीने के लिए दें। दिन में 2-3 बार इसका सेवन करने से मरीज को फायदा पहुंचता है।
4. गन्ने का रस
गन्ने के रस के साथ तुलसी लेने से भी हेपेटाइटिस से लड़ने की ताकत मिलती है। गन्ने के रस में तुलसी के पत्ते का पेस्ट मिलाकर करीब 15-20 तक रोगी को पिलाएं।

# एड्स से भी गंभीर है यह बीमारी, हो जाए सतर्क

असुरक्षित शारीरिक संबंध बनाने से कई तरह की बीमारियां फैल रही हैं, जिसमें से सबसे आम है एड्स की बीमारी। असुरक्षित शारीरिक संबंध बनाने से होने वाली इन बीमारियों की सबसे बड़ी वजह होती है लोगों में जानकारी का अभाव लेकिन क्या आप जानते है कि शारीरिक संबंध बनाने से एड्स से गंभीर बीमारी भी हो सकती हैं। शारीरिक संबंध बनाने से फैलने वाली माइकोप्लाज्मा जेनेटीलियम नाम की नई बीमारी ने डॉक्टरों को चिंता में डाल दिया हैं। एड्स से ज्यादा खतरनाक यह बीमारी यूरोप में तेजी से फैल रही हैं। डॉक्टर्स का मानना है कि अगर इसका असरदार इलाज न ढूंढा गया तो अगले पांच साल तक यह गंभीर बीमारी का रूप ले लेगी। यूरोप की एक संस्था के अनुसार, एमजी शरीरिक संबंध बनाने या गुप्त अंगों के संपर्क से फैलती हैं। एंटीबायोटिक्स की एक निश्चित डॉज देकर इस बीमारी का इलाज किया जा सकता हैं परन्तु कुछ मामलों में सही इलाज न मिलने से इस घातक बीमारी को कंट्रोल करना मुश्किल हो सकता हैं।

**क्या है माइकोप्लाज्मा जेनेटीलियम?**
माइकोप्लाज्मा जेनेटीलियम के कारणों को पहचाना नहीं जा सकता लेकिन यह बीमारी पूरी तरह नई नहीं है। रोग कंट्रोल एंड रोकथाम केन्द्र के अनुसार, 1980 में पहली बार इस बीमारी की पहचान की गई थी। यह बीमारी क्लैमाइडिया(chlamydia) व प्रमेह (Gonorrhea) जैसी है। अगर इसके लक्षणों की बात करें तो क्लैमाइडिया के लक्षणों के साथ ही शारीरिक संबंध बनाने के बाद खून निकलना और यूरिन पास करते वक्त तेज दर्द होना अन्य आदि हैं। इस बीमारी से प्रभाविक लोगों को बांझपन, गुप्त अंगों में जलन अन्य आदि कई प्रॉबलम्स हो सकती हैं। एमजी का वायरस मुख्य तौर पर शारीरिक संबंधी बनाने से फैलता है। इअरलहल के अनुसार, यह बीमारी ओरल सेक्स के साथ भी फैल सकती हैं।



# ऐसी 5 बड़ी बीमारियां जिससे हर महिला को रहना चाहिए Alert



इस भागदौड़-भरी लाइफ और बिजी शेड्यूल के कारण महिलाएं अपने लिए समय ही नहीं निकाल पाती। मगर बढ़ती उम्र का असर सिर्फ चेहरे पर ही नहीं बल्कि सेहत पर भी पड़ता है। 40-45 की उम्र के बाद महिलाओं को कई बीमारियों का खतरा हो सकता है। क्योंकि 30-45 साल की आयु के बाद महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। इसलिए उम्र के इस पड़ाव पर महिलाओं को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी बीमारियों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिससे हर महिला को सावधान रहना चाहिए और इनके लक्षण दिखने पर तुरंत चेकअप करवाना चाहिए।

**1. ब्रैस्ट कैंसर** - औरतों में ब्रैस्ट कैंसर होने का खतरा पुरूषों के मुकाबले बहुत ज्यादा होता है। बदलते लाइफस्टाइल और गलत खानपान के कारण महिलाएं तेजी से इस बीमारी की चपेट में आ रही है। इसलिए महिलाओं को इस बीमारी से बचने के लिए समय-समय पर ब्रेस्ट का अल्ट्रासाउंड या मेम्मोग्राम करवाना चाहिए। ब्रैस्ट में किसी भी तरह की बीमारी का पता चल जाए और समय रहते समस्या का समाधान भी किया जा सकता है।

**2. सर्वाइकल कैंसर** - सर्वाइकल कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो महिलाओं को किसी भी उम्र में हो सकती है। 35 साल की उम्र के बाद महिलाओं को इसका खतरा सबसे ज्यादा होता है। औरतों के लापरवाही बरतने के कारण उनमें यह कैंसर तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसलिए हर महिला को 18 साल की उम्र के बाद से हर तीन साल पर पैप स्मीयर टेस्ट टेस्ट कराना ही चाहिए।

**3. एंडोमेट्रिओसिस** - एंडोमेट्रियोसिस गर्भाशय में होने वाली समस्या हैं। इसके कारण महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है, वहीं यह बीमारी इंफर्टिलिटी का कारण भी बन सकता है। यह समस्या किसी बाहरी संक्रमण के कारण नहीं बल्कि शरीर की आंतरिक प्रणाली में कमी के कारण होती है। इस बीमारी से सावधान रहने के लिए हर महिला को समय-समय पर सोनोग्राफी या लैप्रोस्कोपी टेस्ट करवाना चाहिए।

**4. एनीमिया और कुपोषण** - एनीमिया और कुपोषण महिलाओं के लिए साइलेंट किलर डिसीज है। महिलाओं को यह समस्या पुरूषों से ज्यादा प्रभावित करती है। इसलिए इनके लक्षण दिखते ही तुरंत जांच करवानी चाहिए। इसके अलावा इससे बचने के लिए अनी सेहत का ध्यान रखें और हैल्दी डाइट लें।

**5. दिल के रोग** - घर हो या ऑफिस, वर्क प्रैशर के कारण महिलाएं ज्यादा स्ट्रेस ले लेती हैं, जिसके कारण वह तनाव, डिप्रैशन के साथ हाइपरटेंशन की भी शिकार हो जाती है। इससे महिलाओं को हार्ट डिसीज होने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके अलावा हार्मोन्स में बदलाव और गलत लाइफस्टाइल के कारण महिलाओं को दिल के रोग होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। इसलिए समय-समय पर दिल की जांच करवाते रहें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# SAQUIB AKHTAR RIZVI
## MEMORIAL CANCER AWARENESS MARATHON
**5TH EDITION 2023**

RUMI CARE
HELP YOURSELF FOUNDATION
BANDRA, MUMBAI.

## FUNDRAISING EVENT

i Choose hope
RIZVI
Half Marathon

#rumicare #kickcancer

**2023**
**01ST OCT**
**Sunday**

**5:00AM ONWARDS**
**MMRDA GROUND G8 BKC, MUMBAI**

CERTIFIED BY
WORLD RUNNING AIMS
Association of International Marathons and Distance Races

REGISTRATION PARTNER
DECATHLON ATRIA, WORLI
SPORT FOR ALL - ALL FOR SPORT

- **3 KM** SCHOOL STUDENTS
- **3 KM** WHEEL CHAIR RACE
- **5 KM** RUN
- **10 KM** RUN
- **21 KM** HALF MARATHON



## Winners
Cash Prizes, Trophies & Gift Hampers for the Winners

| | 1st Prize | 2nd Prize | 3rd Prize |
|---|---|---|---|
| 21 KM | 21000 | 11000 | 9000 |
| 10 KM | 11000 | 8000 | 5000 |
| 5 KM | 5000 | 3000 | 2000 |

Finishers will get E- Certificates and Medal
Dr. Alkama G. Faqih | 93234 09313



rizvimarathon@gmail.com
https://www.townscript.com/e/saquib-rizvi-memorial-cancer-awareness-marathon-320123
www.helpyourselffoundation.in

rizvimarathon
rizvimarathon
rizvi_marathon